Rajasthan: सांचौर में 1000 लीटर नकली घी जब्त; फैक्ट्री में सरस, बनास, अमूल के नाम से हो रहा था पैक

Rajasthan: राजस्थान में मिलावट के विरुद्ध जारी सरकार की कार्रवाई के बावजूद अभी भी नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पाई है. राज्य के जालोर जिले (Jalore) के सांचौर में पुलिस ने नकली घी बनाने की एक फैक्ट्री को पकड़ा है. यह सांचौर में नकली घी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है. पुलिस ने इस फैक्ट्री से करीब 1000 लीटर नकली घी ज़ब्त किया है. साथ ही चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. जालौर जिला नकली घी के कारोबार के लिए अक्सर खबरों में आता है. वहां इससे पहले भी कई बार नकली घी बनाने वालों को पकड़ा गया है. मिलावटी सामान बनाने वाले अपराधी यहां बड़े ब्रांड की कंपनियों के नाम से नकली घी और अन्य सामान बनाते रहे हैं. ताजा कार्रवाई में भी सांचौर में दूध के सामान बनाने वाली एक फैक्ट्री में अलग-अलग ब्रांड के घी बनाए जा रहे थे.

Source: https://rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/1000-litre-nakli-ghee-seized-in-sanchore-factory-was-making-fake-saras-banas-amul-products-7654978